सांची विवि में खुलेगा थाइलैंड का स्टडी सेंटर

भोपाल| थाइलैंड सरकार सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विवि के साथ अकादमिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर साझेदारी करने जा रही है। इस समझौते के तहत थाइलैंड सरकार सांची विवि के साथ छात्रों व शिक्षकों का एक्सचेंज कार्यक्रम, विवि में थाइलैंड का स्टडी सेंटर और विवि के प्रस्तावित आनंद विभाग में स्थायी चेयर स्थापित करने की संभावना पर विचार कर रही है।

थाइलैंड के काउंसिल जनरल इकापोल पूलपीपट ने इसी सिलसिले में विवि के रजिस्ट्रार और प्रभारी अधिकारी राजेश गुप्ता से मुलाकात की। इस मौके पर विवि के प्रस्तावित अकादमिक परिसर की वास्तुकला में भी थाइलैंड की वास्तुकला को समाहित करने पर विचार हुआ। थाइलैंड के काउंसिल जनरल ने सांची विवि में पढ़ने आने वाले थाईलैंड के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति एवं स्कॉलरशिप की भी पेशकश की जिस पर फैसला किया जाना है। पूलपीपट ने समेकित विकास के थाइलैंड सरकार के मॉडल पर भी सांची विवि के साथ प्रोजेक्ट पर काम करने की इच्छा जताई।

सीएम से मिलीं थाईलैंड की राजकुमारी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भगवान बुद्ध ने मानव सभ्यता को शांति का मार्ग दिखाया, उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। सीएम मंगलवार को यहां थाईलैंड की राजकुमारी महाचक्री सिरिंदहोर के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध के विचारों और मूल्यों के प्रसार के लिए विश्व धरोहर सांची में बौद्ध और भारतीय ज्ञान अध्ययन विवि की स्थापना की गई है। थाईलैंड की राजकुमारी महाचक्री सिरिंदहोर ने कहा कि सांची के स्तूप भव्य और ऐतिहासिक है जो देखने के बाद सहज ही मन मोह लेते हैं।

-केवल मिश्रा, एमआईसी सदस्य

सांची विवि के साथ साझेदारी करेगा थाइलैंड

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

राजधानी स्थित सांची विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय पहचान को एक और मजबूत साथी मिलने जा रहा है। थाइलैंड सरकार विवि के साथ अकादमिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर साझेदारी करने जा रही है। थाइलैंड सरकार सांची विवि के साथ छात्रों एवं शिक्षकों के एक्सचेंज कार्यक्रम, सांची विवि में थाइलैंड का स्टडी सेंटर और विश्वविद्यालय के प्रस्तावित आनंद विभाग में स्थाई चेयर स्थापित करने की संभावना पर विचार कर रही है।

थाइलैंड के काउंसिल जनरल इकापोल पूलपीपट ने इसी सिलसिले में सोमवार को सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विवि के कुलसचिव और प्रभारी अधिकारी राजेश गुप्ता से मुलाकात की। इस मौके पर विवि के प्रस्तावित अकादमिक परिसर की वास्तुकला में भी थाइलैंड की वास्तुकला को समाहित करने पर भी विचार हुआ।

थाइलैंड के काउंसलेट जनरल ने की सांची विवि के कुल सचिव से मुलाकात

कुलसचिव से मुलाकात करते थाइलैंड के काउंसिल जनरल इकापोल।

थाईलैंड के छात्रों को स्कॉलरशिप की पेशकश: थाइलैंड के काउंसिल जनरल ने सांची विवि में पढ़ने आने वाले थाईलैंड के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति एवं स्कॉलरशिप की भी पेशकश की। पूलपीपट ने समेकित विकास के थाइलैंड सरकार के मॉडल पर भी सांची विवि के साथ संयुक्त प्रोजेक्ट पर काम करने की इच्छा जताई।

थाइलैंड की राजकुमारी आ रहीं हैं भोपाल

थाइलैंड के काउंसलेट जनरल की विवि की यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब थाइलैंड की राजकुमारी महाचक्री श्रीन्दोर्ण सांची की यात्रा पर मंगलवार को भोपाल पहुंच रही हैं। संस्कृत और पाली की विद्वान राजकुमारी को भारत दौरे में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की ओर से स्थापित प्रथम विश्व संस्कृत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। राजकुमारी श्रीन्दोर्ण ने सांची स्तूप पर एक छोटी किताब लिखी है। वे सांची के आसपास और अधिक शोध में रुचि रखती हैं।